### न्यूटन नगर पंचायत वार्ड नंबर 4 का उपचुनाव भाजपा ने बड़े अंतर से जीता

# भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत, निकिता ने गायत्री को 201 मतों से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

न्यूटन नगर पंचायत वार्ड नं 4 का उपचुनाव भाजपा ने बड़े अंतर से जीत लिया है , कांग्रेस पार्षद रविंदर कौर के निधन के पश्चात यह सीट खाली हुई थी इस उपचुनाव में न्यूटन नगर पंचायत के इतिहास में सबसे बड़ी जीत हुई है , भाजपा की निकिता प्रकाश बरखे ने कांग्रेस की गायत्री संजय कुमरे को 201 वोट से हरा दिया है । वहीं इस जीत ने नगर भाजपा में पार्षद जयंत राय और उनकी टीम का कद बढ़ाया है ।इस पूरे चुनाव में भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू नागी के नेतृत्व में पूरी पार्टी एक जुट नजर आई । इसके पहले 2022 में हुए नगर पंचायत चुनाव में गुटबाजी का नुकसान भाजपा को हुआ था , लेकिन इस बार पूरी पार्टी एक जुट दिखाई दी , जिसके



परिणाम स्वरूप भाजपा ने यह सीट कांग्रेस से छीन ली । भाजपा नेता जयंत राय और उनकी पूरी टीम ने इस चुनाव में अपना पूरा जोर लगा दिया । अब न्यूटन परिषद में भाजपा की संख्या में इजाफा हो गया है अब भाजपा के कुल 6 पार्षद हो गए हैं । इस प्रचंड जीत में सांसद विवेक बंटी साहू , भाजपा जिला अध्यक्ष शेषराव राव यादव , श्रीमती ज्योति डेहरिया , संजय पटेल , चुनाव प्रभारी आशीष जायसवाल , भगवानदास झा , मनोज खेलबाड़ी , उदिता यादव , इशू खंडूजा , बैकुंठ राय , न्यूटन नगर से जयंत राय और उनकी पूरी टीम , श्री चन्द पटेल , इंद्रपाल साहू , रमेश साहू , सोनू बृजेश त्रिवेदी, बिट्टू भन्नारिया, शिवनाथ कनौजिया अश्वनी यदुवंशी , निशु दीक्षित , लक्की पटेल , मनीष चौहान , मनीष पटेल , हरि आठनकर, नितिन जायसवाल , राजेंद्र राय , तनवीर आलम , अखिलेश डेहरिया , नमन जायसवाल , वीरेंद्र नागवंशी , आतिफ अहमद सिद्दीकी , आबिद खान , कलीम बाबा सहित न्यूटन नगर के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं का योगदान रहा ।

## सेवानिवृत्त बीएमओ डॉक्टर ठाकुर एवं आश्रम की दीदी का नगर पालिका परिषद ने किया सम्मान

**जुन्नारदेवः** नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे ने गुरु पूर्णिमा पर्व के अवसर पर वार्ड क्रमांक तीन स्थित ब्रह्माकुमारी आश्रम की दीदी का गुरु पूर्णिमा पर शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देखा सम्मान किया ।साथी नगर के सुप्रसिद्ध रिटायर्ड बीएमओ डॉ ठाकुर सेवानिवृत्ति डॉक्टर श्रीमती छाया ठाकुर के निवास स्थान पर पहुंचकर उनके सामाजिक कार्यों में समाज में निरंतर भागीदारी जन सेवा को देखते हुए डॉक्टर वाई के एस ठाकुर का शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के जनप्रतिनिधि श्रीमती सोनिया कमरे उपाध्यक्ष अपील समिति सदस्य पार्षद संजय जैन राजेंद्र सूर्यवंशी प्रमोद बंदेवार अमित यादव श्रीमती सीमा चौरसिया श्रीमती प्रमिला पाल देवेंद्र टांडेकर पूर्व उपाध्यक्ष शरद कुरोलिया उपस्थित था जुन्नारदेव नगर पालिका के महाराणा प्रताप वार्ड 11 में पार्षद अपील समिति सदस्य संजय जैन भाजपा केंद्र के अध्यक्ष मुकेश बंडेवार वार्ड निवासी सामाजिक कार्यकर्ता श्री रवि साहू एवं श्रीमती कांति गोल के निवास स्थान पर पहुंचकर गुरु पूर्णिमा पर पर समाज में उनके द्वारा दिए गए योगदान को नमन करते हुए उपस्थित परिवार जनों के समक्ष उनका अभिनंदन कर शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह बैठकर उनके दीर्घायु की कामना करते हुए बधाई प्रेषित की।



## हम फाउंडेशन जुन्नारदेव ने गुरु पूर्णिमा पर स्कूल में शिक्षकों और बच्चों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

हम फाउंडेशन भारत एक सामाजिक सांस्कृतिक संगठन है जो की निरंतर राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट निशिकांत चौधरी जी के मार्गदर्शन में प्रदेश में कार्य कर रहा है विगत वर्षों से जुन्नारदेव में भी हम फाउंडेशन अपने सामाजिक कार्यों को लेकर चर्चा में बने रहता है आज गुरु पूर्णिमा के अवसर पर पास के स्कूल_वार्ड नंबर एक लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैं हम फाउंडेशन की टीम पहुंचकर सभी गुरुजनों का सम्मान कर गुरुपूर्णिनमा मनाया गया।



सभी शिक्षक गणों को चरण पादुका प्रदान की गई एवं उपस्थित सभी बच्चों को स्कूल के बैग्स टिफिन बॉक्स प्रदान किए गए जिसे प्रकार बच्चे बहुत ही खुशी मनाएं आज के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से हम फाउंडेशन की जिला महामंत्री श्रीमती सुरेखा जायसवाल अध्यक्ष श्रीमती सपना अमूले शाखा संरक्षक श्रीमती वर्षा मिगलानी सचिन श्रीमती सरिता नागलेसह-सचिव आशा सोनारेसभी गुरुजनों को उपहार स्वरूप चरण पादुकाएं जिला महामंत्री सुरेखा जायसवाल द्वारा भेंट की गई और हम फाउन्डेशन महिला संस्कृति शाखा जुन्नारदेव द्वारा बच्चों को कंपास बैग कपड़े उपहार में दिए गए गुरु पूर्णिमा का प्रोग्राम सफल रहा लाल बहादुर शास्त्री स्कूल के आदरणीय शिक्षक प्रधान पार्टी का सरिता पितडे प्रियंका तिवारी रिना पगारे रचना मिश्रा पूनम साहू आप नामदेव सेवक शिक्षण संजय व्यास प्रदीप सिंह ठाकुर इन्हीं सभी के सहयोग से आज का कार्यक्रम सफल रहा।

## भाजपा नेताओं ने किया घर-घर पहुंच कर वरिष्ठजनों का किया पूजन

**सौंसर।** गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरुर ब्रह्मा गुरुर विष्णु गुरुर देवो महेश्वरा गुरुर साक्षात परम ब्रह्म तस्मै श्री गुरुवे नमः श्री गुरुवे नम का जय घोष क्षेत्र के मंदिरों के अलावा विभिन्न कार्यक्रमों में गूंजायमान रहा है।भारतीय जनता पार्टी की ओर से नगर में वरिष्ठ जनों के निवास स्थान पर पहुंचकर उनका पूजन कर स्वागत सत्कार करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं नेवरिष्ठ नागरिक विष्णु परतेती, पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहड़ जयंत गुरु,अरुण ठाकरे,रेखाताई रमेश कंटक,मिश्रिराज जी परिवाचक, शेषराव निवल, श्यामराव भगत,संतोष साहेब कबीरपंथी,वामन खराट,डा योगेश शुक्ला,नरेश गोयल,नरोत्तम पटेल आदि के निवास स्थान पर पहुंचकर गुरु का पूजन करते हुए आशीर्वाद प्राप्त कर स्वागत किया है।गुरुओं के पूजन के दौरान सत्कार मूर्तियां ने लंबे समय तक अपने-अपने क्षेत्र में किए गए कार्य सेवाओं की जानकारी दी। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के द्वारा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर की गई इस पहल की वरिष्ठ जनों के द्वारा सराहना की जा रही है।इस अवसर पर मोरेश्वर मर्सकोले,नगर पालिका अध्यक्ष सुरेखा इंद्रचांद डागा, सौसर नगर पालिका सभापति एड.रवीशंकर धुर्वे दर्शन झाड़े, मीनाबाई मोहोड,निर्मलाबाई पवार,राजू जायसवाल,दिनेश भकने,परसराम राणे,सचिन फसाटे,मोजूद थे।

## शिवसेना ने मनाया गुरुपूर्णिमा पर्व

**छिन्दवाड़ाः** आज गुरू पूर्णिमा के पावन उत्सव पर जिला शिवसेना कार्यालय गुलाबरा में गुरू पूर्णिमा पर्व पर गुरूदेव श्री 108 गोवर्धन पटेल जी एवं गुरू माताजी की विधिवत पूजन पश्चात सीताराम कीर्तन के साथ गुरू पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया । शिवसेना नेता नितिन राय ने बताया कि विगत कई वर्षो से गुरू पूर्णिमा पर नगर की सैंकडों महिलाओं द्वारा पाथेश्वर शिवलिंग का निर्माण किया जा रहा है शिवसेना समस्त महिलाओं का आभार व्यक्त करती है ।



## सालों हो गए आईटीआई जाने अब तक नहीं बनी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपला

लगातार हो रही बारिश के कारण ग्रामीण क्षेत्र के सड़कों की हालत खराब हो गई है। मजबूरी में गंदगी, खस्ताहाल सड़कों बदबू के बीच से ग्रामीण महिलाओं एवं छात्र-छात्राओं को हर दिन आवागमन करना पड़ रहा है। ग्राम कोपरावाड़ी कला में फैली हुई गंदगी खस्ताहाल सड़क की शिकायत पूर्व में कई बार जनप्रतिनिधियों प्रशासन में बैठे हुए अधिकारियों को की गई है। बावजूद इसके गंदगी आईटीआई के लिए जाने वाली सड़क का समाधान अभी तक नहीं हो पाया है। मजबूरी में प्रतिदिन अपने भविष्य को उज्जवल बनाने के उद्देश्य को लेकर आईटीआई जाने वाले छात्र-छात्राओं को गंदगी कीचड़ से आवागमन करना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार कोपरावाडी कला में करोड़ों की लागत से बने आईटीआई भवन के लिए पक्की पहुंच सड़क नहीं है, गंदगी और बारिश के बीच में आईटीआई के छात्रों को आवागमन



करना पड़ रहा है। बीते 3 साल से सड़क बनाने की मांग पर सुनवाई नहीं होने से छात्र आक्रोशित हो रहे है। गांव में मुख्य सड़क से आईटीआई भवन पहुंच सड़क की लंबाई मात्र 650 मीटर है,जहां सरकार ने करोड़ों रुपए का आईटीआई का भवन बना दिया गया है, वहीं दूसरी और इस भवन तक पहुंचाने के लिए सालों गुजर जाने के बावजूद अब तक सड़क का निर्माण नहीं किया गया। पूर्व में छात्रों के द्वारा पंचायत से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों तक सड़क को बनाने के लिए आवेदन किया जा चुके हैं। बावजूद इसके इस समस्या पर जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मजबूरी में छात्रों को गंदगी पूर्ण कच्ची सड़क से हर दिन आवागमन करना पड़ रहा है। छात्र पवन बिरे,नितिन यशस्वी कुराडे ने बताया कि बारिश में कच्ची सड़क दलदल बन जाती है,इस समस्या के चलते बारिश में कम छात्र आईटीआई में आ रहै है। आईटीआई भवन में पहुंच ने की सर्वाधिक समस्या बारिश में ही होती है, सड़क पर ग्रामीणों द्वारा फैलाई जाने वाली गंदगी से छात्रों को नाक दबाकर आना-जाना करना पड़ता है, आईटीआई में पहुंच मार्ग पर ग्रामीणों द्वारा शौच करने से बदबू आती है।

## अष्टान्हिका महापर्व गुरू पूर्णिमा सानंद संपन्न, जैन आर्यिका माँ विमलमति माता जी का चार्तुमास कलश स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

अष्टविनायक गार्डन में गुरु पूर्णिमा के दिन ही गौतम स्वामि जी ने महावीर भगवान से दीक्षा लेकर उन्हें अपना गुरु स्वीकार किया था ये भगवान महावीर स्वामी के प्रमुख शिष्य थे। नंदीश्वर विधान के कार्यक्रम के अवसर पर 108 संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की परम शिष्या आर्यिका मां विमल मति माता जी ने चर्तुदशी के अष्टान्हिका महापर्व पर आचार्य भद्रवाहु स्वामी महा मुनिराज के संघ के बारे में बताया कि आचार्य संघ में 24 हजार महा मुनियों का संघ था। गुरु जी ने अपने निमित्त ज्ञान से जाना और कहा कि यहां उत्तर भारत में अकाल पड़ने





वाला है इस कारण से आप दक्षिण भारत मे बिहार कर धर्म का प्रचार प्रसार करो। तब 12 हजार महा मुनिराज दक्षिण भारत की ओर बिहार कर गए। उनके शिष्यों ने गुरु की वाणी का अनुशरण किया । गुरु ने कहा शिष्यों को कभी गुरु की वाणी का उल्लंघन नहीं करना चाहिए। दिगम्बर जैन धर्म बहुत महान है। ये तलवार की धार के समान है। अंतिम राजा के रूप में चन्द्रगुप्त जिन्होंने अंतिम दीक्षा ली चन्द्रगिरि पर्वत पर गोमटेश बाहुवलि दक्षिण भारत में और वहीं यम संल्लेखना धारण की। आचार्य समंतभद्र स्वामि ने कहा गुरुभक्ति से ही परंपरा से मुक्ति होती है। आर्यिका मां विमल मति माताजी ने कहा कि आचार्य श्री विद्यासागर जी के बिना यह दूसरा चार्तुमास मंडला में हो रहा है। आचार्य भगवान हमें अकेले नहीं छोड़कर गए हमें प्रतिछाया के रूप में आचार्य समय सागर महाराज का सानिध्य दे गए। आर्यिका मां ने अपने वचनों में कहा कि गुरु से बडा कोई वरदान नहीं है, गुरु से बडा कोई महान नहीं, बस साथ मिल जाए गुरुवर का, तो उससे बड़ा और कोई सम्मान नहीं। हम भी अंतिम समय आत्मा मे लीन होकर संल्लेखना धारण करें। आज से मंगल चार्तुमास कलश स्थापना की तैयारियां प्रारंभ हुई। आर्यिका माँ ने ससंघ भक्तियों के पाठ से अपनी चार्तुमास का प्रारब्ध किया। समाज की सभी कमेटियों ने इसमें भाग लेकर आर्यिका माँ का आर्शीवाद लिया। आर्यिका माँ 105 विमल मति माता जी ससंघ के सानिध्य मे दीप प्रज्वलन आचार्य श्री चित्र अनावरण अभिषेक आरती पूजन विधान के माध्यम से गुरु पूर्णिमा का कार्यक्रम सानंद संपन्न हुआ। आज के इस पंचम काल में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज हम सबके गुरू हैं हम सभी उनके चरणों में शत शत नमन करते हैं।

## शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुआबिछिया में मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुआ बिछिया में गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया, इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में संदीप विद्यालय भोपाल में आयोजित गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया जिसे उपस्थित विद्यार्थियों ने सजीव देखा, विद्यालय में उपस्थित जनों द्वारा गुरु की महिमा पर प्रकाश डाला गया एवं विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम के कार्यक्रम के तहत उपस्थित जनों द्वारा वृक्षारोपण किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत शिक्षक श्री डी एल गवले, प्रभारी प्राचार्य अरुणा दीक्षित, जेपी कछवाहा, सुनीता मरावी, आरती मोदी, रवि नेवले, प्रमोद गुप्ता आसित लोध, कल्पना पांडे, मंजू श्रीवात्रि, मुकेश साहू सहित समस्त स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती आरती मोदी एवं आभार प्रदर्शन श्री लोध द्वारा किया गया।



**निरीक्षण** | पेसा एक्ट के क्रियान्वयन, माइक्रो बीट व्यवस्था, ई-समन प्रणाली को लेकर निर्देश।

# पुलिस अधीक्षक ने किया थाना घुघरी का निरीक्षण

* स्टाफ के सदस्यों से की अलग-अलग बात।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

दिनांक 09 जुलाई 2025 को पुलिस अधीक्षक मंडला द्वारा थाना घुघरी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान एसपी महोदय ने थाना के विभिन्न कार्यो की समीक्षा कर थाना प्रभारी व उपस्थित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विशेष रूप से PESA एक्ट के क्रियान्वयन, माइक्रो बीट व्यवस्था, ई-समन प्रणाली एवं थाना परिसर में खड़े जब्त/लावारिस वाहनों के निराकरण की स्थिति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई।

माइक्रो बीट प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने पर बल देते हुए एसपी ने कहा कि बीट प्रभारी अपने क्षेत्रों में नियमित संपर्क बनाए रखें एवं गतिविधियों




पर सतत निगरानी रखें व आवश्यक जानकारी का बीट पुस्तिका मे लेख करें। ई-समन प्रणाली के माध्यम से न्यायालयीन कार्यवाहियों (आनलाईन प्राप्त संमस एवं वारंटो) का समय पर व शतप्रतिशत पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाए। थाना परिसर में लावारिस अथवा जब्त वाहनों की स्थिति की समीक्षा करते हुए शीघ्र निराकरण की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना परिसर की साफ-सफाई, दस्तावेजों के रख-रखाव और आमजन के साथ व्यवहार में संवेदनशीलता बनाए रखने की भी बात कही गई। निरीक्षण के अंत में उन्होंने समस्त स्टाफ के एक-एक से बात कर माईक्रोबिट प्रणाली में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका संबंधित निर्देश दिए गये।

## नगर परिषद उपचुनाव में चित्त हुई भाजपा, कांग्रेस प्रत्याशी की जीत से लहराई खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

मंडला दिनांक 07/07/2025 को संपन्न नगर परिषद वार्ड क्रमांक 13 के उपचुनाव का परिणाम 10/07/2025 को घोषित हुआ, जिसमें कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी राजकुमारी अमर धुर्वे ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 12 मतों से पराजित कर पार्षद पद पर विजय प्राप्त की। इस जीत से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उल्लास की लहर दौड़ गई। सत्ता पक्ष के धनबल और बाहुबल को मात देते हुए कांग्रेस ने संघर्ष और रणनीति से यह सफलता हासिल की। इस ऐतिहासिक जीत में विधायक नारायण सिंह पट्टा ज एवं ज्योत सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में चुनाव प्रभारी रानू राजपूत, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी एवं समस्त टीम की अथक मेहनत निर्णायक साबित हुई। नारायण सिंह पट्टा विधायक बिछिया ने कहा कि नगरपरिषद भुआ बिछिया के वार्ड क्रमांक 13 के उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती राजकुमारी अमर सिंह धुर्वे जी की ऐतिहासिक जीत, कांग्रेस परिवार के संघर्ष की जीत है। टीम बिछिया के एक एक साथी



ने दिन रात मेहनत करके सत्ता बल बाहुबल धनबल को हराकर इस संघर्ष पूर्ण जीत को हासिल किया है। इस उपचुनाव के प्रभारी रानू राजपूत जी, ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी जी सहित टीम बिछिया के हर एक साथी को बधाई। प्रदीप गोस्वामी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया ने कहा कि मै उन सभी लोगों का जिन्होंने प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से इस चुनाव में सहयोग किया उनका आभार व्यक्त करता हूं। भाजपा के पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रफुल मिश्रा ने भी इस उप चुनाव में भाजपा के पक्ष में प्रचार किया लेकिन वह प्रचार काम न आ सका इस जीत का एक मुख्य कारण भाजपा के नेताओं के द्वारा पूर्व में नगर परिषद बिछिया में जो करोड़ों का घोटाला हुआ वह आज भी नगर परिषद के सभी वार्डो के नागरिकों के मन में घर बना चुका है। रणधीर सिंह (रानू) राजपूत, उपाध्यक्ष नगर परिषद बिछिया एवं उपचुनाव चुनाव प्रभारी बिछिया ने कहा कि इस नगर परिषद उप चुनाव में कांग्रेस की जीत हुई हमारे एक एक कार्यकर्ता ने बहुत मेहनत से कार्य किया जिसका यह परिणाम है कि आज हम वार्ड क्रमांक 13 के उपचुनाव में विजय हुए।

खबर संक्षेप



## अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक विंध्य पीठाधीश्वर का छपारा आगमन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** छपारा- उत्तर प्रदेश मिर्जापुर से छपारा पहुंचे अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक विंध्य पीठाधीश्वर मानस रतन पूज्य श्री बाल योगी संजय महाराज का पूर्व सांसद विधायक श्रीमती नीता पटेरिया के निवास स्थान छपारा मे भव्य स्वागत सत्कार किया गया 9 जुलाई को 12 बजे अल्प समय के लिए पहुंचे महाराज श्री से धर्म प्रेमी बंधुओ ने मुलाकात किया एंव महाराज श्री के प्रवचन सुना कार्यक्रम में श्रीमती नीता पटेरिया डॉक्टर हरी पटेरिया अर्जुन सिंह राघवेंद्र नारायण पाठक चक्रेश सिंह ठाकुर धर्मेंद्र सिंह सुनील दत्त पाठक राजेंद्र तिवारी डां पारस पटेरिया राजेश श्रीमाली सोहन कश्यप सुनील गोयल दीपक तंतुवाय श्रीमती रेखा जावरे श्रीमती संध्या सेन कार्यक्रम में उपस्थित रहे तत्पश्चात महाराज निर्धारित कार्यक्रम के लिए प्रस्थान किया।

## नंदीकेश्वर धाम में राम चरित मानस का अखंड पाठ 12 से

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** श्री माता मंदिर नंदिकेश्वर धाम परशुराम नगर में दिनांक 12 जुलाई दिन शनिवार को अखंड रामायण पाठ प्रारम्भ किया जायगा। इस आयोजन के लिए जिला ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पं दिलीप तिवारी द्वारा महत्वपूर्ण पदाधिकारीयों को इस कार्यक्रम का प्रभार सौंपा गया है जो कि इस प्रकार है- प्रभारी जिला मुख्य संयोजक पं. अजय मिश्रा, कर्म कांडी पुरोहित संघ के जिलाध्यक्ष पं विकास तिवारी (सोनू महाराज), युवा शाखा जिला अध्यक्ष पं अखिलेश चंकी पांडे, डॉ. संदीप उपाध्याय एवं महिला शाखा संयोजक श्रीमति सकुनतला तिवारी, मंदिर समिति अध्यक्ष पं. दिनेश मिश्रा, श्रीमति गीता अवस्थी एवं जिला, नगर महिला शाखा रहेंगे। जिला ब्राम्हण समाज के जिलाध्यक्ष श्री तिवारी द्वारा अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील समस्त श्रद्धालुओं से की गई है।

## सेंट आर- सेटी सिवनी में जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**सिवनी ।** गुरूवार 10 जुलाई 2025 को विधिक न्यायालय द्वारा सेंट आर- सेटी सिवनी में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री रवि कुमार नायक एवं विधिक सहायक अधिकारी श्री सिद्धार्थ शुक्ला उपस्थित हुए। इनके द्वारा कानूनी व्यवस्थाएं एवं अन्य कानूनी जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में आर सेटी निदेशक एवं समस्त स्टॉफ तथा प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

## जिले में 524.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई

**सिवनी।** भू-अभिलेख कार्यालय सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 01 जून से 10 जुलाई 25 तक 524.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। विकासखंडवार वर्षा की प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 10 जुलाई तक विकासखंड सिवनी में 473.4 मि.मी, कुरई में 262.0 मि.मी., बरघाट में 312.7 मि.मी., केवलारी में 634.6 मि.मी., छपारा 601.2 मि.मी, लखनादौन में 500.8 मिमी, धनौरा में 564.4 मिमी एवं घंसौर में 845.0 मिमी. वर्षा, इस प्रकार कुल 4194.1 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है।

# कीचड़ में तब्दील सड़क को लेकर ग्रामीणों ने किया चक्का जाम

**सिवनी के आदिवासी बहुल विकासखंड घंसौर के अंतर्गत छीतापार ग्राम की जर्जर कच्ची सड़क बारिश में कीचड़ में तब्दील हो गई है, जिससे आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो गया है।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

ग्रामीणों की लंबे समय से अनदेखी होती देख मंगलवार दोपहर 12 बजे आक्रोश फूट पड़ा और उन्होंने मंडला-लखनादौन मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया।

चक्काजाम की खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे एसडीएम बिसन सिंह गोंड, नायब तहसीलदार वैशाली अग्रवाल, थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झरिया और अन्य अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाइश दी। अधिकारियों के आश्वासन के बाद लगभग आधे घंटे बाद जाम समाप्त किया गया।

### बदहाल सड़क बनी लोगों की मुसीबत

ग्रामीण श्याम सिंह उइके, राजेश यादव, अंकित सक्सेना, कन्हैया तिवारी, छोटू उइके, श्याम सुंदर धुर्वे, मंगल सिंह अड़याम सहित अन्य लोगों ने बताया कि मुख्य सडक से गांव तक 1 किलोमीटर का मार्ग पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो गया है। बाइकें फिसल रही हैं, और रोजाना कोई न कोई हादसा हो रहा है।गांव के लोगों ने बताया कि स्कूल जाने वाले बच्चों को फिसलन भरी सडक से गुजरना पड़ता है, जिससे रोजाना गिरने की घटनाएं हो रही हैं। गर्भवती महिलाओं और बीमारों को अस्पताल पहुंचाना चुनौती बन गया है, क्योंकि एम्बुलेंस गांव तक नहीं पहुंच पा रही है।

### प्रशासन ने दिया जल्द समाधान का आश्वासन

एसडीएम बिसन सिंह गोंड ने मौके पर ग्रामीणों को बताया कि उनकी समस्या को गंभीरता से लिया गया है और विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर वैकल्पिक रास्ता बनाने व स्थायी समाधान की दिशा में कदम उठाए जाएंगे।

# घर में सो रही बालिका की सर्पदंश से मौत

**घंसौर /** विकासखंड घंसौर अंतर्गत ग्राम घोटखेड़ा स्थित एक बालिका की सर्पदंश से मृत्यु होने पर गांव में मातम का माहौल व्याप्त हो गया। मिली जानकारी के अनुसार घटना विगत 8 एवं 9 जुलाई के दरमियानी रात की है जब घोटखेड़ा निवासी शिक्षक मार्को की पुत्री भाविका मार्को अपने घर में सो रही थी तभी अर्ध रात्रि को एक जहरीले सांप ने उसे काट लिया,इलाज के लिए उसे घंसौर अस्पताल लाया गया जहां उसकी मृत्यु हो गई। उल्लेखनीय है कि भाविका मार्को भावा एकेडमी घंसौर में कक्षा तीसरी में अध्ययनरत थी इस घटना की जानकारी मिलने के उपरांत स्कूल प्रबंधन द्वारा गहरा शोक संवेदना प्रकट करते हुए अवकाश घोषित किया। उल्लेखनीय है कि बारिश के दिनों में जहरीले वजंतु रहवासी मकानों व आसपास विचरण करने लगते हैं जिससे खतरा बना रहता है जमीन पर ना सोकर पलंग या ऊंची जगह पर सोने की हिदायत दी जा रही है जबकि स्वास्थ्य अमले द्वारा सर्पदंश से पीड़ति व्यक्ति का झाड़ फूंक से इलाज कराने की बजाय अस्पताल में इलाज कराने की समझाइश दी जा रही है जिससे पीड़ति व्यक्ति की जान बचाया जा सके।

# उप चुनाव में ऐतिहासिक मतों से विजयी हुई भाजपा प्रत्याशी श्रीमती निधि मोंटू दुबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



गुरुवार को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने भाजपा प्रत्याशी श्रीमती निधि दुबे को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।

आज सिवनी नगर पालिका अंतर्गत आने वाले सुभाष वार्ड क्रमांक 11 उपचुनाव मे ऐतिहासिक मतों से विजयी भाजपा प्रत्याशी श्रीमती निधि मोंटू दुबे को अपने कार्यालय मे विधायक दिनेश राय मुनमुन ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।

इस अवसर पर सर्वश्री संतोष अग्रवाल वरिष्ठ जिला भाजपा उपाध्यक्ष, आनंद शर्मा जिला उपाध्यक्ष, अभिषेक दुबे नगर मंडल अध्यक्ष, राम चंद्रवंशी अध्यक्ष ग्रामीण मंडल करकोटी, राजू यादव पार्षद, श्याम मिलन पांडे , मोंटू दुबे , गोपाल पवमें , अहफाज खान , आशीष सोनी , चंदू बघेल आदि भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सुभाष वार्ड मे भाजपा द्वारा निकाली गयी विजय रैली मे पार्टीजनों के साथ सहभागिता किया। इसके पूर्व आपने सुभाष चौक पर नेता सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# घर में लगी आग, गृहस्थी का सामान जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

लखनवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर स्थित ग्राम बाघराज में एक दर्दनाक घटना घटित हुई। गांव के निवासी विपतलाल पिता स्व. पन्नालाल डॉभने के घर में गुरुवार को अचानक आग लग गई। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, विपतलाल पेशे से बिल्डिंग कार्य में लगे हुए हैं। गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर वे पूजा-अर्चना हेतु हनुमान मंदिर गए हुए थे, वहीं पत्नी मायके, उनके बच्चे स्कूल गए हुए थे। इसी दौरान गांव से उन्हें सूचना मिली कि उनके घर में आग लग गई है। विपतलाल जब मौके पर पहुँचे तो देखा कि उनका पूरा घर जलकर खाक हो चुका था। घर में रखा सारा गृहस्थी का सामान, अनाज, कपड़े, बिस्तर, दस्तावेज़ - सब कुछ राख हो चुका था। केवल उनके तन पर जो वस्त्र थे, वही बच पाए। ग्रामीणों के अनुसार आग इतनी तेज़ी से फैली कि कुछ भी बचाने का समय नहीं मिल सका। इस घटना से डॉभने परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। स्थानीय प्रशासन से पीड़ित परिवार ने मदद की गुहार लगाई है। अभी तक आग लगने के स्पष्ट कारणों की पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन ग्रामीणों द्वारा प्राथमिक सूचना लखनवाड़ा पुलिस को दे दी गई है। प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिया जायेगा।

### अभाविप कोई साधारण संगठन नही बल्कि राष्ट्र चेतना का आंदोलन है - शर्मा

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 77 वे स्थापना दिवस पर नगर ईकाई सिवनी द्वारा संगोष्ठी का आयोजन कर सत्र 2025- 26 की नवीन कार्यकारणी की घोषणा की गई कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में सिवनी के समाज सेवी डॉ लोकेश विसेन एवं अभाविप के प्रांत मंत्री माखन शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे । कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ स्वामी विवेकानंद एव माता सरस्वती जी के छायाचित पर दीपप्रज्वलन कर किया

कार्यक्रम में मुख्यअतिथि डॉ लोकेश बिसेन ने अपने उद्बोधन में कहा कि दुनिया का एक मात्र छात्र संगठन अभाविप है जो विद्यार्थियों को देश समाज के लिए कुछ करना सिखाता है विद्यार्थी परिषद में विद्यार्थियों का निर्माण होता है जिससे समाज जीवन के सभी क्षेत्रों पर अच्छा काम करने वालो की टोली तैयार हुई है । 5 लोगो से शुरू हुआ ये संगठन आज विशाल वटवृक्ष की तरह फैल चुका है । वही मुख्यवक्ता के रूप में प्रांत मंत्री माखन शर्मा ने परिषद के 77 वर्षों के इतिहास को बताते हुए कहा कि अभाविप कोई साधारण संगठन नही बल्कि राष्ट्र चेतना का आंदोलन है यह एक विचार है, जो हमें सिखाता है कि विद्यार्थी होना केवल किताबों तक सीमित रहने का नाम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का संकल्प है। किसी देश मे छात्र संगठन का उद्देश्य एवं भूमिका क्या होना चाहिए यह विद्यार्थी परिषद ने बताया , युवाओं की सामूहिक शक्ति एवं ऊर्जा को रचनात्मक कार्य मे कैसे लगाते हैं यह विद्यार्थी परिषद ने बताया । विद्यार्थी परिषद एक ऐसी सक्षम पीढ़ी का निर्माण करना चाहता है जो देश के भविष्य का निर्णय उसके व्यापक हितों को ध्यान मे रखकर पूरे सूझबूझ के साथ ले सकें विद्यार्थी परिषद द्वारा स्थापित दोनों ही संख्यात्मक और गुणात्मक वृद्धि मे संतुलन हैं परिषद् का प्रत्येक कार्यकत्ता वैचारिक भूमिका, सिद्धांत, उद्देश्य, कार्यक्रम एवं कार्यपद्दति से निर्माण होने वाला एक आदर्श कार्यकर्ता है।

### नवीन कार्यकारिणी की घोषणा

सिवनी नगर के कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपा गया नगर अध्यक्ष के सी राउर नगर मंत्री सृजल ठाकुर नगर सहमंत्री उमेश सनोडिया, खुशबू पारधी, केशव दुबे, अमन राजपूत सहित नगर की पूरी कार्यकारणी घोषित की गई । कार्यक्रम में मुख्यरूप से विभाग संगठन मंत्री गौरव शुक्ला विभाग संयोजक हर्ष अग्रवाल जिला संयोजक सृजल मिश्रा नितिन सनोडिया ,अंकित ठाकुर रौनक श्रीवास्तव,नेहा कश्यप,वर्षा सेन्डे, स्वेता राय सहित परिषद के वर्तमान एवं स्थाई कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# साईं सेवा मंडल द्वारा बच्चों को गिफ्ट दी डेस्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



गुरुपूर्णिमा पर के उपलक्ष्य में सिवनी साई पुरम के महिला वर्ग से साई गीता मंडल एवं पुरुष वर्ग से साई सेवा मंडल द्वारा गिफ्ट अ डेस्क अभियान जो जिला कलेक्टर के द्वारा जिला के प्राईमरी स्कूलो में डेस्क बेंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया ज रहा है जिस पर 20 सेट डेस्क बेंच स्कुलो को उपलब्ध कराया गया है साथ प्रति वर्ष अनुसार वृक्ष रोपण भी किया गया है सुबह 7 ,30 बजे से साई बाबा का अभिषेक किया गया एवम रात्रि 7 बजे से आरती भंडारा प्रसाद कर गुरुपूर्णिमा पर सम्पन्न हुआ इस आयोजन में दिन भर श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहा ज्ञात हो कि सिवनी साई पुरम परिवार द्वारा अनेको कार्य जन हित मे किया जाता है इसी कड़ी में आज गिफ्ट अ डेस्क अभियान 2025 में भी सहभागिता निभाई गई जिसकी सराहना जिला कलेक्टर संस्कृति जैन द्वारा किया गया है।



# लगातार हो रही बारिश से गिरा मकान प्रधानमंत्री आवास योजना दिलाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बंडोल।

लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है ।ग्राम बंडोल में रघुनंदन यादव पिता रामनाथ यादव अपने परिवार के साथ एक टूटे-फूटे मकान में निवासरत था लेकिन इन्द्रदेव के गुस्से का शिकार हो गया लगातार हो रही बारिश से उसके सिर से आशियाना छीन गया है वह अपने बीबी बच्चों समेत सड़क पर आ गये है । ग्राम पंचायत से 2-3 बर्ष से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवेदन दे दिया है लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है पटवारी के द्वारा पंचनामा भरकर पहुंचा दिया गया पूरे परिवार ने कलेक्टर से गुहार लगाई है कि हमें भर बरसात में आशियाना दिलाने की कोशिश करें।

# जिले भर में मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व, गुरूजनों का लिया आशीर्वाद



## केवलारी विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह ने झोतेश्वर में पूजन अर्चन किया

केवलारी विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह जी ने गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर परमहंसी गंगा आश्रम झोतेश्वर पहुंचकर गुरुजनों से आशीर्वाद प्राप्त किया। सर्वप्रथम विधायक विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह जी ने द्विपीठाधीश्वर ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज श्री की समाधि स्थल में पूजन अर्चन किया तत्पश्चात अनंत विभूषित द्वारकाशारदापीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज श्री के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात माँ भगवती राज राजेश्वरी त्रिपुर सिंदूर मंदिर पहुंचकर माँ भगवती की आरती पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर पादुकापूजन कर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज श्री के मुखारविंद से दिव्य अमृतमयी वाणी का श्रवणपान कर पुन्य लाभ अर्जित किया। इस शुभ अवसर पर साथ ही समस्त श्रद्धालुओं जनों की गरिमामयी उपस्थिति रही ।



## विधायक दिनेश राय मुनमुन ने गुरुजनों से प्राप्त किया आशीर्वाद

सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने गुरुजनों से आशीर्वाद प्राप्त किया। आज गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर विधायक दिनेश राय मुनमुन ने अपनी 105 वर्षीय दादी मां से आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात आपने अपने स्कूल समय से शिक्षक एवं मार्गदर्शक डी.एल. नामदेव के निवास पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी लिया तथा शीघ्र स्वस्थ होने की कामना किया। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन ग्राम पिठैरा लखनादौन स्थित आश्रम पहुंचे जहां पर आपने अनंत विभूषित धर्म पीठाधीश्वर जगत गुरु शंकराचार्य स्वामी नारायणानंद तीर्थ जी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात आप गुरुरत्नेश्वर धाम दिघौरी पहुंचे। जहां पर ब्रम्हलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज के श्री चरणों मे पुष्प अर्पित कर नमन किया। इसके पश्चात विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने सिवनी नगर के बरघाट रोड पहुंचकर संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस सिवनी में मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सिवनी में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर हुआ भव्य आयोजन इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग के कुशल नेतृत्व में महाविद्यालय के ऑडिटोरियम हाल में सरस्वती पूजा और गुरु वंदना के पश्चात माननीय मुख्यमंत्री जी के मुख्य अतिथ्य में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। आमंत्रित मुख्य अतिथि के रूप में आचार्य बलबंतानंद महारज जी, एवं अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त पूर्व प्राचार्य डॉ. संध्या श्रीवास्तव, डॉ. अरविंद कुमार चौरसिया द्वारा गुरू शिष्य परंपरा पर अपना उदबोधन दिया गया। जनभागीदारी अध्यक्ष अजय बाबा पाण्डेय ने भी विद्यार्थिओं को गुरुओ से प्रेरित होकर जीवन को चलयमान करने हेतू चार सूत्रों के पालन की बात पर जोर देते हुए उपस्थित गुरुजनो ब विद्यार्थिओं को मिस्ठान वितरण करया गया इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग द्वारा मंच में उपस्थित मुख्य अतिथि , एवं अतिथि का आभिनंदन करते हुए

### 15 वर्षों से सिवनी में जमे राजस्व निरीक्षक रतन शाह उईके पर न प्रशासन का जोर न राजनीतिक दखल का असर

# स्थानांतरण आदेश के बावजूद नहीं हो सकी कार्यमुक्ति, सिवनी से कुरई हुआ तबादला फिर भी बने हुए हैं पद पर काबिज

जिले में एक बार फिर से प्रशासनिक प्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं, जहां राजस्व निरीक्षक रतन शाह उईके का 17 जून 2025 को सिवनी से कुरई स्थानांतरण आदेश जारी हुआ, लेकिन हफ्तों बाद भी वे अपने मूल पद पर डटे हुए हैं। यह पहला मौका नहीं है, जब उईके का तबादला हुआ हो और उसे अमल में नहीं लाया गया हो। 3 वर्ष पूर्व भी स्थानांतरण आदेश निर्गत हुआ था, लेकिन अधिकारियों की 'मिलीभगत' और 'राजनीतिक पकड़' के चलते वे यथावत बने रहे। रतन शाह उईके पिछले 15 वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थ हैं, जो साफ तौर पर स्थानांतरण नीति और प्रशासनिक पारदर्शिता का मजाक उड़ाता है। क्षेत्र में लोग इन्हें 'अंगद के पैर' की संज्ञा दे रहे हैं, जिन्हें न सत्ता बदल सकी और न ही प्रशासनिक आदेश।



प्रशासनिक सूत्रों की मानें तो कलेक्टर द्वारा स्थानांतरण सूची में इनका नाम शामिल किया गया था, लेकिन न तो संबंधित विभाग ने रिलीविंग आदेश जारी किया, न ही कोई स्पष्ट जवाब दिया जा रहा है कि आखिर उन्हें स्थानांतरित क्यों नहीं किया गया।

### जनता के उठते सवाल

1.क्या रतन शाह उईके पर कोई विशेष राजनीतिक या प्रशासनिक संरक्षण है?

2. यदि स्थानांतरण अमल में लाना ही नहीं था, तो उसे प्रसारित क्यों किया गया?

3. स्थानांतरण नीति का पालन न करना क्या कलेक्टर की कार्यप्रणाली पर सवाल नहीं उठाता?

इस मामले ने प्रशासनिक कार्यशैली, निष्पक्षता और राजनीतिक हस्तक्षेप पर गहरे प्रश्नचिन्ह खड़े कर दिए हैं। लोगों में यह चर्चा जोरों पर है कि क्या वाकई कुछ अधिकारी सबसे ऊपर होते हैं यदि प्रशासन ऐसे मामलों में गंभीर नहीं हुआ, तो यह उदाहरण अन्य अधिकारियों के लिए भी अनुचित स्थायित्व का आधार बन सकता है, जिससे भ्रष्टाचार और जनहित की उपेक्षा को बल मिलेगा ।।

हमारी सुविधाएं
टी.एम.टी.,सोनोग्राफी, 2-ड इकोकार्डियोग्राफी,हड्डी के समस्त ऑपरेशन,महिला एवं प्रसूती,रोग जनरल फिजिशियन सर्जरी, आई.सी.यू.,एनआईसीयू,मॉड्यूलर, ओटीसी.टी.,स्कैन,डायलिसिस, पैथोलॉजी सभी प्रकार की जांच सुविधा
जिले का एक मात्र सर्वसुविधायुक्त अस्पताल
बिसेन मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
अब सिवनी में भी नागपुर जैसी सुविधा
24 घंटे आपकी सेवा में यहाँ पर सभी ऑपरेशन और भर्ती मुफ्त में आयुष्मान योजना के तहत उपलब्ध कराई जाती है। आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए यह सुविधा केन्द्र शासन के दिशा निर्देश के तहत दी जा रही है।
एस.पी. बंगला रोड, बारापत्थर सिवनी 6266248010, 9174594814

कॉलेज कोड पी 554
प्रवेश प्रारंभ
डी.पी.चतुर्वेदी महाविद्यालय सिवनी
बी.ए. बी.एस.सी एम.ए.
एम.एस.(गणित, भौतिक,रसायन)
बी.कॉम एम.कॉम
डी.एड.(सभी ऑनलाईनप्रक्रिया)
Major & Miner - (Each)
Open Elective Web Designing, Nursing & Hygiene, Public Administration, M.S. Office, Computer Fundamental, Multimedia, Animation
CONTACT-9424904765, 94799887990, 9407807850
9685863421, 8770294939, 9752264388, 9479467886

# चरवाहे पर बाघ ने किया प्राणघातक हमला

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

बालाघाट जिले के वन परिक्षेत्र कटंगी से लगातार वन्य प्राणी बाघ के इंसानी हमलों की घटनाएं सामने आ रहे है. 09 जुलाई को तिरोड़ी तहसील के महकेपार सर्किल के कन्हड़गांव बीट क्रमांक 794 में मवेशी चराने गए एक चरवाहे पर बाघ के प्राणघातक हमले की घटना को अंजाम दिया. घटना शाम करीब 04 बजे के आस-पास की बताई जा रही है. घायल शख्स को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है. मिली जानकारी अनुसार कन्हड़गांव निवासी बस्तीराम पिता गेंदू शनिचरे जंगल में मवेशी चराने के लिए गया हुआ था. जहां बारिश होने पर वह रेनकोट पहनकर केनाल पर शांत बैठा हुआ था तभी बाघ ने उस पर अचानक से हमला कर दिया. बस्तीराम ने बाघ को सामने देख बहादुरी दिखाई और पास में मौजूद लकड़ी के डंडे से बाघ से अपना बचाव किया. बचाव की जवाबी कार्रवाई से बाघ भाग गया. इस घटना के बाद बस्तीराम ने वन विभाग को दूरभाष पर सूचना दी. बाघ के हमले से बस्तीराम के बाएं हाथ और सिर पर चोट के निशान बने है. अनुमान लगाया जा रहा है कि केनाल पर रेनकोट पहनकर शांत बैठे चरवाहे को बाघ ने जंगली



सुअर समझकर हमला कर दिया होगा. फिलहाल बस्तीराम की हालत में सुधार है. गौरतलब हो कि तिरोड़ी तहसील के पठार अंचल में बाघ की उपस्थिति से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है. ग्रामीण अकेले खेत की तरफ जाने से भी डरते है.

पठार अंचल में वन्य प्राणी बाघ ने इंसानी शिकार की घटनाओं को अंजाम दिया है. इन घटनाओं के बाद काफी डर का माहौल बना हुआ है. खैरलांजी, कुड़वा में बाघ ने दो लोगों को मौत के घाट उतार दिया. वन विभाग ने एक बाघ का रेस्क्यू भी किया लेकिन अब भी जंगल में वन्य प्राणी बाघों की मौजूदगी के साक्ष्य आए दिन सामने आ रहे है. वन विभाग भी लोगों को जंगल में जाने से मना कर रहा है. लेकिन गांवों में लोग अब भी मवेशियों को चराने के लिए जंगल की तरफ जाते है. नतीजा इस तरह की घटना सामने आ रही है. ग्रामीणों का कहना है कि गांव में मवेशियों को चराने के लिए चारागाह की भूमि नहीं है. इसलिए मजबूरी में जंगल में ही जाना पड़ता है.

## फिशरीज फार्मर कम्पनी मोहगांव (ध) से लिये गए थे उर्वरक के नमूने

# अमानक उर्वरक के क्रय विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



उपसंचालक कृषि एवं अधिसूचित प्राधिकारी श्री फूलसिंह मालवीय ने बालाघाट फिशरीज फार्मर प्रो.क.लिमिटेड मोहगांव (ध) से लिये गए उर्वरक कैल्सियम नाईट्रेट एवं एनपीके के नमूने प्रयोगशाला जांच में अमानक पाए जाने पर उनके क्रय विक्रय एवं भण्डारण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। इसके साथ ही उर्वरक निर्माता कम्पनी एवं विक्रेता को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

लालबर्रा तहसील के अंतर्गत बालाघाट फिशरीज फार्मर प्रो.क.लिमिटेड मोहगांव (ध) में 14 जून को कैल्सियम नाईट्रेट उर्वरक का बैच क्रमांक एसके-663/24 का नमूना एवं एनपीके का बैच क्रमांक एसके-762/24 का नमूना प्रयोगशाला जांच के लिए एकत्र किया गया था। उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला उज्जैन द्वारा जांच में दोनो उर्वरक के नमूने अमानक पाए गए है। जिसके कारण बैच क्रमांक एसके-663/24 के कैल्सियम नाईट्रेट एवं बैच क्रमांक एसके-762/24 के एनपीके उर्वरक के क्रय, विक्रय एवं भण्डारण पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

उर्वरक निर्माता कम्पनी यूनिक एग्रीटेक प्रा.लि. पुणे एवं विक्रेता संस्था बालाघाट फिशरीज फार्मर प्रो.क.लिमिटेड मोहगांव (ध) के संचालक को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है और अमानक स्तर का उर्वरक कहां-कहां कितनी मात्रा में प्रदाय किया गया है इसका स्पष्टीकरण का 07 दिनों के भीतर प्रस्तुत करें। समय सीमा में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी। जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार रहेंगे।

# डॉ.घनश्याम परते संभालेंगे ज़िला पशु चिकित्सालय सिविल सर्जन का मिला अतिरिक्त प्रभार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**विभाग में लम्बे समय से अपनी सेवायें दे रहे वरिष्ठ पशुचिकित्सक डॉ. घनश्याम परते का इंतजार आखिर खत्म हुआ। शासन के आदेश के बाद आज से ही डॉ.परते सिविल सर्जन के दायित्व में आ गये हैं । उनके इस नवीन और उच्च दायित्व पर पदासीन होने पर विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारियों सहित उन्हें चाहने वाले पशु पालकों में हर्ष व्याप्त है ।**

अब देखना ये है कि जिला पशु चिकित्सालय (पॉलीक्लीनिक) के



प्रभारी के साथ साथ सिविल सर्जन का दायित्व पाकर डॉ.परते जिला पशु चिकित्सालय में आने वाले किसानों पशु पालकों तथा उनके संपर्क के गांवों के लिये क्या कुछ कर पाते हैं ।

**इनका कहना है**

डॉ. परते सर को अभी तक हमने एक कुशल सर्जन और अच्छे सलाहकार के रूप में ही देखा है, जिनकी मेहनत और लगन के हम सब कायल हैं। सिविल सर्जन के रूप में प्रशासकीय दायित्व मिलने से समूचे संस्थान में ऐतिहासिक सुधार आयेगा जिससे पशु प्रेमियों को आशानुकूल और अधिक सुविधायें प्राप्त होंगी ऐसा मुझे विश्वास है ।

**श्री दिलिप कोचर**

# माध्यमिक स्कूलों के शिक्षकों का छह दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

जनपद शिक्षा केंद्र खैरलांजी के सभाकक्ष में विकास खंड स्तरीय कक्षा छटंवी की नवीन पाठ्यपुस्तक के उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन 4 जुलाई से किया गया था जिसका समापन गुरुवार 10 जुलाई को किया गया । इस छह दिवसीय प्रशिक्षण में कक्षा छटंवी की नवीन पाठ्यपुस्तक सामाजिक विज्ञान, गणित, विज्ञान विषय में माध्यमिक स्कूल के शिक्षको को दक्ष बनाने के उद्देश्य से मास्टर ट्रेनरो के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। ताकि शालाओ में शिक्षको के द्वारा बेहतरीन ढंग और सरल शिक्षण शैली के माध्यम से कक्षा छटंवी में अध्ययनरत बच्चो को विषयवार निपुण किया जा सके। जिससे बच्चो का ज्ञान कौशल एंव बौद्धिक विकास हो और आसानी से इन विषयो को बच्चे समझ सके। छह दिवसीय प्रशिक्षण में 63 माध्यमिक स्कूल के शिक्षक एंव शिक्षिका शामिल हुए। जिन्हे तीन पालीयो में




मास्टर ट्रेनर गणित विषय से खिलेश वाल्दे ,लोकचंद पटले , विज्ञान विषय से राजेश भीमटे, शिवप्रसाद वैध ,सामाजिक विज्ञान विषय से अवधेश रांगहडाले ,विजय कुमार तुरकर के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के समापन के अवसर पर बीआरसी शंकरलाल भगत, बीएसी राजकुमार मेश्राम ,चित्ररेखा रंगारी ,अनिल माहुले सहित जन शिक्षक मौजूद रहे ।

## खबर प्रकाशन के बाद विद्युत विभाग ने दिखाई चुस्ती

# ग्राम बोथली में झुके पोलों और लटकते तारों को कराया दुरूस्त

हरिभूमि न्यूज लांजी।




लांजी क्षेत्र के कारंजा फीडर अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्रामों में विद्युत विभाग के झुके पोलों और खेतों और मकानों में लटकते तारों की शिकायत को लेकर विभिन्न समाचार पत्रों में खबर का प्रकाशन किया गया था। जिसके बाद कारंजा फीडर लांजी के जेई विश्वजीत शर्मा द्वारा तुरंत संज्ञान लेते हुए तत्काल ही क्षेत्र के झुके पोलों ओर झूलते तारों को दुरूस्त किया गया है। इस संबंध में श्री शर्मा ने जानकारी से अवगत कराते हुए बताया की विभागीय कर्मचारियों द्वारा ग्राम बोथली, मिरिया, घंसा, रिसेवाड़ा, बहेला सहित अनेक ग्रामों में विद्युत व्यवस्था सुचारू होने की जानकारी उन्हें दी जा रही थी परंतु अव्यवस्थाओं के विषय में जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जा रही थी। वहीं समाचार पत्रों में खबर प्रकाशन के बाद जेई श्री शर्मा ने तत्काल अमले को भेजकर ग्राम बोथली में विद्युत व्यवस्थाओं का


विद्युत तारों का नहीं किया जा रहा मेंटेनेंस, जर्जर तारों से

जायजा लिया और मरमस्त कार्य कराया है। वहीं विभागीय कर्मचारियों को भी हिदायत देते हुए विद्युत व्यवस्था सुचारू रखने निर्देशित किया है।

# शास.हायर सेकेंडरी स्कूल गढ़ी में मनाया गया गुरु पूर्णिमा

हरिभूमि न्यूज गढ़ी ।

आज गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर हर्षोल्लास के साथ हायर सेकेंडरी स्कूल गढ़ी में गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया गया इस मौके पर सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का साल ,श्रीफल भेंट कर तिलक वंदन के साथ सभी गुरुओं का सम्मान किया गया। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर वृक्षारोपण भी किया गया ।

कार्यक्रम में उपस्थित मंडल के अध्यक्ष सोनाली कुशराम मंडल महामंत्री टेकलाल धानेश्वर, मीडिया प्रभारी अजय रजक, वरिष्ठ पत्रकार उमाशंकर सोनी , प्रकाश आई टी





प्रभारी, शिक्षक शिक्षिकाओं में प्राचार्य महेंद्र सिंह टेकाम रविशंकर मोहरे ,कमल सिंह धुर्वे नरेंद्र बिसेन सुमन दास ठेकवार, संगीता शुक्ला मिथिला टेकाम, सुग्रता सोनवाने, रोशनी परवार एवं सभी छात्र-छात्राए कार्यक्रम में सम्मिलित रहे।

# जिला शिक्षा अधिकारी ने किन्ही में निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्षों का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीणा के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी उपाध्याय ने 10 जुलाई को किरनापुर विकासखंड के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किन्ही में निर्माणाधीन 07 अतिरिक्त कक्षों का निरीक्षण किया। इस दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक किरनापुर एवं संस्था प्राचार्य मौजूद थे निरीक्षण के दौरान संस्था प्राचार्य द्वारा एप्रोच रोड एवं शौचालय निर्माण नहीं होने की जानकारी दी गई 1 इसके संबंध में कार्यपालन यंत्री पी.आई.यू. बालाघाट श्री उइके से दूरभाष पर चर्चा की गई।

उनके द्वारा अवगत कराया गया कि अतिरिक्त कक्ष के साथ-साथ एप्रोच रोड एवं शौचालय का निर्माण कार्य भी गुणवत्तापूर्ण कराया जायेगा। कलेक्टर द्वारा अधिकारी को स्थल निरीक्षण करने के निर्देश दिये गए थे।

# सांदीपनि विद्यालय मलॉजखण्ड में मनाया गया गुरुपूर्णिमा का पर्व

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

गुरुपूर्णिमा के पावन पर्व पर सांदीपनि शाउमा विद्यालय मलाजखण्ड में नगरपालिका अध्यक्ष मानसिंह मेरावी, उपाध्यक्ष श्रीमति त्रिवेणी गोस्वामी, पार्षद श्री राजेंद्र राहंगडाले एवं अभिभावकों की उपस्थिति में गुरुओं का पूजन एवं वंदन किया गया। इस अवसर पर बच्चों को शासन की योजना के अंतर्गत निःशुल्क साईकिल वितरण किया गया। संस्था प्राचार्य श्री जी. पी. कटरे ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं महर्षि सांदीपनि के छायाचित्र पर माल्यापर्ण एवं पूजन-अर्चन कर किया गया। संस्था के वरिष्ठ सदस्य श्री यशवंत पटले द्वारा भारतीय वैदिक संस्कृति पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए गुरुपूर्णिमा का महत्व बताया। पालक श्री मुनेश पटले द्वारा गुरु की तुलना भगवान ब्रह्मा, विष्णु, महेश से की गयी। नगरपालिका परिषद मलॉजखण्ड उपाध्यक्ष श्रीमति त्रिवेणी गोस्वामी द्वारा गुरु के महत्व को कई उदाहरण देकर समझाया गया।

# महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गुरु पूर्णिमा का पर्व

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

गुरु पूर्णिमा पर्व के पावन अवसर पर महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट में पारंपरिक रूप से हर्ष और उल्लास के साथ गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया गया इस मौके पर सर्वप्रथम महर्षि विद्या मंदिर के प्राचार्य सतीश कुमार चौरसिया द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा माल्यार्पण किया गया इस अवसर पर नीरज तिवारी, वासुदेव भूते, संदीप तोमर, एवं अनुपमा गौतम के द्वारा गुरुदेव का गुरु पूजन किया इसके पश्चात ध्यान के शिक्षक मनोज ज्योतिषी एवं सुनीता तिवारी द्वारा भावातित ध्यान का सभी को एक साथ अभ्यास कराया गया। गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर पहुंचे अतिथि बालाघाट इंग्लिश स्कूल के प्राचार्य एवं बालाघाट ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल के प्राचार्य का स्वागत महर्षि स्कूल के प्राचार्य के द्वारा किया गया । पहुंचे अतिथियों ने कार्यक्रम की





भव्य सराहना की वहीं बच्चों को अपने भविष्य के बारे में एवं अपने गुरु जनों के बारे में बताया एवं धन्यवाद प्रेषित किया गया । इसके पश्चात महर्षि विद्या मंदिर के प्राचार्य सतीश कुमार चौरसिया ने बताया कि भावातित ध्यान से होने वाले फायदे तथा उसके द्वारा करने से अपने देश राष्ट्र तथा विश्व में शांति स्थापित की जा सकती है ।जिसमें उन्होंने महर्षि जी के परम पूज्य गुरु श्री ब्रह्मानंद जी, सरस्वती जी का भी जीवन परिचय बताया तथा उन्होंने कहा कि महर्षि जी द्वारा जो यह भावतित ध्यान दिया गया है इससे वह विश्व में शांति लाना चाहते हैं यदि विश्व की जनसंख्या का एक प्रतिशत ही भावतित ध्यान का अभ्यास करता है तो वह पूरे विश्व को शांति की ओर ले जा सकता है। उन्होंने अपने उद्बोधन में परम पूज्य मार्तंडेय श्री गिरीश वर्मा जो महर्षि विद्या मंदिर के अध्यक्ष हैं उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया एवं इस भव्य कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने प्यारी सी प्रस्तुतियां दी जिसमें रामायण नृत्य तथा गुरु परंपरा के बारे में सभी बच्चों को अवगत कराया इस तरह से महर्षि विद्या मंदिर में आज भव्य रूप से गुरु पूर्णिमा का पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया अंत में कार्यक्रम का आभार व्यक्त करते हुए अनुपम गौतम ने सभी को धन्यवाद प्रेषित किया तथा आए हुए अतिथियों का शाल श्रीफल से सम्मान प्राचार्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संगीत शिक्षक नितेश मिश्रा, स्पोर्ट टीचर विजय बिलरिया एवं स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

# गुरू पूर्णिमा पर शासकीय महाविद्यालय लांजी में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज लांजी।

कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश सतपुड़ा भवन भोपाल एवं भारतीय ज्ञान परम्परा के अनुसार शासकीय महाविद्यालय लांजी में 10 जुलाई 2025 गुरूपुर्णिमा के पावन पर्व पर गुरू पुर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो. आर आर सोनवाने प्राचार्य एवं मुख्य अतिथि आर.आर. टिकेश्वर एवं समस्त मंचासीन विद्वतजनों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । आर.आर. टिकेश्वर का श्रीफल एवं तिलक लगाकर सम्मान किया गया। तत्पश्चात प्रो. आर.आर सोनवाने का तिलक लगाकर सम्मान किया गया। सभागार में उपस्थित समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारियों का तिलक लगाकर स्वागत किया।

**गुरू शब्द का बताया अर्थ....**

श्री टिकेश्वर ने भारतीय संस्कृति में गुरू को परिभाषित करते हुए कहा कि गु- का अर्थ अंधकार या अज्ञान और रू- का अर्थ प्रकाश है अर्थात अज्ञान का प्रकाश की ओर ले जाने वाले को गुरू कहा जाता है। उन्होने आरूणि, महर्षि आयोदधौम्य की कहानी से अवगत कराते हुए कहा कि किस प्रकार आरूणि गुरू की आज्ञा का पालन करते हुए पानी के बहाव को रोकने के लिए मेढ़ पर लेट गये । प्रो. आर.आर सोनवाने ने गुरू महिमा का बखान करते हुए गरू वशिष्ट, सांदीपनि तथा द्रोणाचार्य आदि के महत्व की बात कही साथ ही प्रथम गुरू माता-पिता




का सम्मान करने को कहा ।

**भोपाल में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण**

मंच संचालन डॉ डालेश कुमार विजयवार ने किया उन्होने गुरू के महत्व के दोहे एवं गुरू महिमा का बखान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में भोपाल में आयोजित कार्यक्रम का सीधा लाइव प्रसारण दिखाया गया ।

**पेन भेंट कर एवं मिठाई खिलाकर सम्मान किया**

गुरू पूर्णिमा पर आयोजित कार्यक्रम में शासकीय महाविद्यालय लांजी में बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र पवन कश्यप ने समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारियों को पेन भेंट कर एवं मिठाई खिलाकर सम्मान किया। इस दौरान श्री कश्यप ने समस्त गुरूजनों को तिलक लगाकर उनका आर्शीवाद लिया और नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को भी तिलक लगाकर मुंह मीठा कराया।

**इनका रहा सराहनीय योगदान...**

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. गोलू परते, नितेश मेश्राम, महेश दमाहे, डॉ सूर्यप्रकाश साकेत, साहेबलाल एड़े, डॉ.ललित कामड़े, जसपाल सिंह सिद्धू, डॉ. बाऊ गोखले, ज्ञानदेव कुशले, कु.अंजली सोनी, के.के. चौधरी, श्रीमती ममता नारनौरे, लक्ष्मण बोरकर, कु. रोशनी सोनवाने, भागवत रघुवंशी, हितेश बंसोड़, राहुल पारधी,वैभव मुरकुटे, कैलाश कुमार इंझरावते, श्रीमती खेलन बाई राउत, श्रीमती गीता शुक्ला, शेषराम घोरमारे, तथा छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा।

## ग्रामीणों ने किया उच्चाधिकारियों से जांच कर कार्रवाई करने की मांग

# सड़क निर्माण कार्य में घटिया सामग्री लगाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

सड़क निर्माण कार्य में घटिया सामग्री लगाने का आरोप, ग्रामीणों ने किया उच्चाधिकारियों से जांच कर कार्रवाई करने की मांग

किरनापुरः- बोरगांव से अकोला मार्ग पर उच्च स्तरीय पुल पुलिया का निर्माण कार्य जिसकी लम्बाई 240मी सड़क निर्माण कार्य



में अनियमितता बरते जाने पर ग्रामीणों ने हंगामा किया. ग्रामीणों का कहना है कि कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। जिससे एक ओर जहां सड़क की मरम्मत हो रही है. वहीं दूसरी ओर सड़क उखड़ रही है. बताया जाता है कि मरम्मत कार्य रायपुर छत्तीसगढ़ के ठेकेदार सुंदरानी कंस्ट्रक्शन द्वारा किया जा रहा है. यह कार्य प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत लगभग 1844.021 लाख की लागत से किया जा रहा है. ग्रामीणों ने बताया कि मरम्मत कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग होने से जगह-जगह सड़क टूट गयी है और कई जगह दरारें आ गयी है. ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से इसकी जांच कर कार्रवाई करने की माग की है।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2025-26
AGRICULTURE
• B.Sc. (Hons.)Ag.
• B.Tech (Agril) Engg.
• M.Sc. (Ag.) AGRONOMY HORTICULTURE
ABM
PARAMEDICAL
BPT I BMLT
BHN I DMLT I DXRT
D.Pharmacy (ayur.)
COMPUTER SCIENCE & APPLICATION
BCA I MCA
B.SC. I M.SC.
DCA I PGDCA
COMMERCE
• B.Com • M.Com
NURSING
GNM I B.Sc.Nurs.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111